>

Title: Regarding need to construct railway line on Chandausi-Sambhal-Gajraula section in Uttar Pradesh - Laid

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (सम्भल): भारत सरकार में विचाराधीन रेलवे प्रस्ताव जिसमें सम्भल-गजरौला रेल मार्ग निर्माण होना है, को चन्दौसी–सम्भल-गजरौला किया जाना क्षेत्रवासियों के हित में होगा ।

उपरोक्त प्रस्ताव में चन्दौसी को जोड़े जाने में केवल, 15-16 किलोमीटर अतिरिक्त रेलमार्ग का निर्माण होगा परंतु क्षेत्रवासियों के साथ-साथ रेलवे को सुविधा की प्रतिबद्धता तथा आय सहित काफी फायदे होंगे ।

चन्दौसी रेलवे जंक्शन काफी पुराना अंग्रेजों के वक्त का मालगोदाम सहित पुराना स्टेशन है, जहां से बरेली-लखनऊ तथा अलीगढ़- इलाहाबाद को सीधी ट्रेनें हैं । चन्दौसी जंक्शन से जुड़ने पर सम्भल जनपद दिल्ली-लखनऊ-इलाहाबाद से सीधा जुड़ जायेगा ।

सम्भल व्यापार की बहुत बड़ी मंडी है जहां पर किस्म-किस्म का अन्न पैदा होता है । और यह आलू की भी बहुत बड़ी मंडी है । इसके अलावा मेन्था ऑयल की एशिया की सबसे बड़ी मंडी है। हजारों ट्रक माल हिन्दुस्तान के दूसरे इलाकों में आता-जाता है । और यह हेन्डीक्राफ्ट की बहुत बड़ी मंडी है ।

लिहाजा मेरी सरकार से गुजारिश है कि किसानों, व्यापारियों और आम जनता के हित में उपरोक्त कार्यों को विशेष रूप से कराने की कृपा करें । इसके लिए मैं आभारी रहूंगा ।